**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2922**

**जिसका उत्तर 08 अगस्त, 2024 को दिया जाना है।**

**.....**

## अटल भूजल योजना

**2922. श्री उज्जवल रमण सिंह:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा कार्यानवित अटल भूजल योजना का मूल उद्देश्य जन भागीदारी के माध्यम से देश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन में सुधार करना है;

(ख) यदि हां, तो उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जिनमें उक्त योजना के अंतर्गत जल संकट वाले क्षेत्रों में भूजल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार किया गया है/किया जा रहा है; और

(ग) जल संकट वाले क्षेत्रों में भूजल के सुधार के लिए अटल भूजल योजना के अंतर्गत गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और विशेषकर उत्तर प्रदेश के कितने जिले, ब्लॉक और ग्राम पंचायतें शामिल हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)**

**(क):** जी, हां। भारत सरकार, भूजल स्तर में गिरावट रोकने के उद्देश्य से समुदाय आधारित सतत भूजल प्रबंधन के माध्यम से चिह्नित जल की कमी वाले क्षेत्रों में एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना अटल भूजल योजना (अटल जल) का कार्यान्वयन कर रही है।

इस योजना का फोकस सामुदायिक व्यवहार में परिवर्तन लाते हुए भूजल के मांग पक्ष का प्रबंधन करना है। ग्राम पंचायत-वार जल सुरक्षा योजनाएं जिनमें जल बजट और प्रस्तावित मांग पक्ष कार्यकलापों जैसे सूक्ष्म सिंचाई, फसल विविधीकरण, पाइपलाइनों का उपयोग आदि और आपूर्ति पक्ष कार्यों जैसे चेक डैम, फार्म तालाब, रिचार्ज शाफ्ट और अन्य कृत्रिम पुनर्भरण/जल संरक्षण संरचनाओं संबंधी कार्यों से जुड़ी योजनाओं को तैयार किया जाता है और उन्हें चल रही योजनाओं के साथ जोड़कर निष्पादित किया जाता है।

**(ख):** भूजल संसाधनों के प्रबंधन में, गुजरात, कर्नाटक और महाराष्ट्र के विभिन्न जल की कमी वाले क्षेत्रों ने सुधार देखा गया है। शेष चार राज्यों ने भी अलग-अलग इलाकों में सुधार देखा गया है।

**(ग):** भारत सरकार, सात राज्यों अर्थात गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों के 229 ब्लॉकों के अंतर्गत 8203 ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना कार्यान्वित कर रही है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **जिला** | **ब्लॉक** | **ग्राम पंचायत** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 6 | 36 | 1873 |
| 2. | हरियाणा | 14 | 36 | 1647 |
| 3. | कर्नाटक | 14 | 41 | 1199 |
| 4. | मध्य प्रदेश | 6 | 9 | 670 |
| 5. | महाराष्ट्र | 13 | 43 | 1133 |
| 6. | राजस्थान | 17 | 38 | 1132 |
| 7. | उत्तर प्रदेश | 10 | 26 | 549 |
|  | **कुल** | **80** | **229** | **8203** |

*****